मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-270
27/08/2024

मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 27 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना सिटी के गुरू गोविंद सिंह सदर अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल के निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने नक्शा के माध्यम से कैम्पस प्लान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मॉडल अस्पताल की लागत 30.42 करोड़ रूपये है।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुये कहा कि फरवरी 2025 तक इस मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण करें। इस परिसर में नर्स हॉस्टल के नये भवन का भी निर्माण करायें। उन्होंने कहा कि गुरू गोविंद सिंह अस्पताल तक पहुंचने के लिये पहुंच पथ को ठीक करें ताकि मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण होने से इस क्षेत्र के लोगों को इलाज में काफी सहूलियत होगी। इस मॉडल अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं के होने से बीमारियों का उपचार बेहतर ढ़ंग से हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने गुरू गोविंद सिंह अस्पताल परिसर का भी निरीक्षण किया और मरीज के परिजनों से उनका हालचाल जाना। अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर में चलाये जा रहे दीदी की रसोई का भी निरीक्षण किया और जीविका दीदियों से बात कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह एवं पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

*****